**खबर संक्षेप**

### 40 बूथों में नगर कांग्रेस कर रही बूथ कमेटी गठित

परासिया। कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं नकुलनाथ की मंशानुरूप प्रदेश और जिला कांग्रेस के आदेशानुसार शहर में बूथ कमेटी का गठन किया जाना है। आज वार्ड क्रमांक 6 और बूथ क्रमांक 168 की बैठक वार्ड के रेलवे स्टेशन के पास नवीन आंगनवाड़ी भवन के सामने वाले मोहल्ले में रखी गई थी बूथ कमेटी की बैठक में इस समन्वयक बी एल ऐ की सर्वसम्मति से गठन किया गया वहीं बैठक में ब्लाक समन्वयक बसंत मालवीय जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा सोनी महिला अध्यक्ष सावित्री वर्मा सर्वसम्मति से बूथ के सदस्यों का चयन किया नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने वार्ड 6 के समस्त सदस्यों को संबोधित किया और आभार भी व्यक्त किया।

### दर्शनार्थी युवक पवन का कटा गला, प्रशासन ने अब तक नहीं की कार्यवाही

## प्रशासन की लापरवाही: पीपला में बिक रहा चाइनीज मांजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

प्रतिबंध के बावजूद सौसर ओर पीपला क्षेत्र में मौत का सामान यानी 'चाइनीज मांझा' खुलेआम बिक रहा है। प्रशासन की अनदेखी और जिम्मेदारों की चुप्पी का खामियाजा शनिवार को एक निर्दोष युवक को भुगतना पड़ा। जाम सावली मंदिर से दर्शन कर लौट रहे पवन बारंगे इस जानलेवा मांझे की चपेट में आ गए, जिससे उनका गला और हाथ बुरी तरह कट गया।



मिली जानकारी के अनुसार, पवन बारंगे जाम सावली मंदिर में मत्था टेककर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान हवा में लहराते हुए चाइनीज मांझे ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। पतंग मांझा इतना धारदार था कि पलक झपकते ही पवन का गला और हाथ लहूलुहान हो गया। गनीमत रही कि समय रहते उन्हें उपचार मिला, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हैरानी की बात यह है कि शहर से लेकर गांव तक चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री की जानकारी बच्चे-बच्चे को है। पुलिस की गश्त न होने के कारण पतंगबाज बेखौफ होकर प्रतिबंधित मांझे का इस्तेमाल कर रहे हैं।

प्रशासन ने अब तक किसी बड़े सप्लायर पर कोई ऐसी ठोस कार्रवाई नहीं की है, जिससे व्यापारियों में खौफ पैदा हो। ग्रांम पीपला नारायण के अलावा सौसर क्षेत्र की दुकानों में भी खुलेआम धारदार मांझा बिकने की जानकारी है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई या फिर दुकानों की जांच नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के द्वारा सौसर नगर के साथी ग्रामीण क्षेत्रों में खुले रूप से विक्रय धारदार मांजा की दुकानो की जांच और कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई अप्रिय दुर्घटना घटित ना हो सके।

### जुन्नारदेव के क्षेत्रों में हुई कार्यवाही

## आबकारी ने अवैध शराब के अड्डों पर दी दबिश, 550 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव

शनिवार 17 जनवरी को कलेक्टर छिंदवाड़ा हरेंद्र नारायण के निर्देशन में तथा सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु आबकारी वृत्त दमुआ के ग्राम घोड़वाडी खुर्द, चिकटबर्री, नंदन, सेमरकुही एवं दमुआ में अवैध शराब के अड्डों में दबिश दी गई, जिसमें 550 किलोग्राम महुआ लाहन का सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया गया जिसमें 40 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित शराब जप्त कर कब्जे आबकारी ली गई। उपरोक्त कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1) क तथा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में आबकारी वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल , आबकारी आरक्षक एवं दमुआ थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

# प्रकृति द्वारा दिए साल के पेड़ों में कीड़े लगने एवं अवैध कटाई से पड़ रही दोहरी मार

### मझौले पेड़ काटने के साथ-साथ चिन्हित पेड़ों की मची है लूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया







पर्यावरण की दृष्टि से केंद्र एवं प्रदेश सरकार देश प्रदेश को हरा-भरा बनने वृक्षारोपण कर पर्यावरण शुद्ध करने प्रयासरत है। उसके लिए वे हिसाब धनराशि भी खर्च कर रही है क्योंकि नारे भी दिए जाते हैं कि यदि आप सांस लेना पसंद करते हैं तो पेड़ बचाओ जैसे नारे सोशल मीडिया पर देखने सुनने मिलते हैं, लेकिन तामिया रेंज का दुर्भाग्य ही कहें कि यहां पर प्रकृति ने साल के वृक्ष राष्ट्रीय धरोहर के रूप में दे रखे है क्योंकि इनका पौधा रोपण नहीं होता है तो इन्हें बचाने की जिम्मेदारी वन विभाग की ज्यादा बनती है, लेकिन तामिया में साल के पेड़ो पर इन दिनों दोहरी मार पड रही है। वन विभाग की लापरवाही के चलते साल बोरर कीड़े लगने पर विभाग ने समय पर ध्यान नहीं दिया और पिछले वर्ष बरसों पुराने 200 पेड़ से अधिक साल बोरर कीड़ों के कारण मर गये और उन्हें काटना पड़ा इस तरह वन संपदा को वन विभाग के लापरवाह रेंजर एवं मैदानी अमले का खामियाजा अनमोल पर संपदा के रुप मै भुगतना पड़ा। उनकी लापरवाही का दूसरा उदाहरण इस वर्ष भी बीमार पेड़ों की सही गणना नहीं होने के चलते इस वर्ष भी लगभग 200से अधिक पेड़ साल बोरर कीड़े लगे चिन्हित किए गए हैं तो समझा जा सकता है कि छोटे से भू भाग में 400 पेड़ों को बीमारी के कारण काटना पड़ा। वही इन दिनों साल के मंझोले पौधे की अंधाधुंध कटाई जलाऊ के नाम. पर हो रही है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण बीमार पेड़ क्रमांक 61 एवं 44 के आसपास साल के मझोले पेड़ कटे देखे जा सकते हैं, वहीं लकड़ी काटने वाले इतने निश्चित है कि चिन्हित बीमार पेड़ को भी काट कर ले जाने में नहीं हिचक रहे हैं। इस तरह तामिया में प्रकृति द्वारा दिया गया साल का जंगल इन दिनों दोहरी मार के कारण जंगल का रकवा प्रतिदिन सिकुड़ता जा रहा है। अब उच्च अधिकारियों को जंगल में उतरने की जरूरत आन पड़ी है। ऐसी स्थिति इसलिए बन रही है कि यहां के वन कर्मी,रेंजर इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि संयुक्त दल बनाकर इन बीमार पेड़ों को चिन्हित नहीं किया गया तो यहां पर प्रकृति की शान कहे जाने वाले साल के पेड़ों का अस्तित्व मिटने में देर नहीं लगेगी, इन्हें बचाने के लिए विभाग द्वारा ठोस कदम उठाए जाने चाहिए कि एक ही बार में बीमार पेड़ चिन्हित कर इस क्षेत्र के पेड़ों को बचाया जा सके और जो मंझौले साल के पेड़ जलाऊ के नाम पर काटे जा रहे हैं उन्हें भी बचाने जंगल में गस्ती बढ़ानी होगी, लेकिन इन सारी स्थिति से यहां की उपवन मंडल अधिकारी भी अवगत है, लेकिन अपने अधीनस्थों को निर्देशित नहीं कर पा रही हैं जिसका नतीजा बेशकीमती पेड़ों को भुगतना पड़ रहा है।

### सड़क से पानी निकासी को लेकर खोदा गया गड्ढा, अधिकारियों ने कहा सड़क हमारी नहीं

**सिंगोड़ी:** शनिवार दोपहर अमरवाड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हेमकरण धुर्वे के साथ जनपत सीईओ नायब तहसीलदार पीडब्ल्यूडी एसडीओ,प्रधानमंत्री सड़क के सहायक संचालक सहित दर्जनों अधिकारी जेसीबी लेकर सिंगोड़ी स्थित खकरा चौरई मार्ग पहुंचने से हड़कंप मच गया और लोग किसी बड़ी कार्रवाई होने की चर्चा करने लगे।गौरतलब है कि सिंगोड़ी से खिरेटी तक करीब 30 किमी सड़क का डीपीआर तैयार हो गया और जल्द सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। मगर सिंगोड़ी स्थित नेशनल हाइवे से सिंगोड़ी बस स्टैंड तक करीब एक किमी से ज्यादा सड़क मार्ग को उक्त डीपीआर में सामिल नही किया गया। चूंकि इस मार्ग पर अधिक व्यवसायिक क्षेत्र होने के साथ साथ रहवासी क्षेत्र भी है और ग्रामीण दसको से ऊबड़ खाबड़ सड़क तथा गंदी नालियों के पानी में चल रहे थे। इसी कारण लोगो में अक्रोस बढ़ रहा था और ग्रामीण हर मंच में शिकायत कर रहे थे। इसी शिकायत को लेकर एसडीएम सभी संबधित अधिकारियों को लेकर यहां पहुंचे थे। सडक पर कीचड और बाहता गंदा पानी से तुरंत राहत के लिए वन साइट गड्ढा खुदवाया गया गया और और अमरवाड़ा एसडीएम हेमकरण प्रधानमंत्री सड़क निर्माण अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से सड़क नही बनने का कारण पूछा तो दोनो विभाग के अधिकारियों ने सड़क हमारी नही होने की बात कह कर अपने अपने दस्तावेज दिखाए जिससे समस्या खड़ी हो गई। बहरहाल सभी अधिकारियों ने इस मामले में हल निकलकर सड़क बनाने की बात कही है। लंबे समय से इस मार्ग में किचल और गंदे पानी से परेशान ग्रामीणों ने दिया पटवारी कोमल उइके को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन। ज्ञापन में कहा गया की कई वर्षो से सिंगोड़ी बस स्टैंड से लेकर खकरा चौरई तक मार्ग सड़क खराब हो गई और स्थानीय और निर्माण विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा तथा जल्द सड़क निर्माण कराया जाए। वही ग्रामीणों ने सिंगोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरस्वार को भी ज्ञापन सौप कर नई सड़क की स्वीकृति दिलाने कहा गया है। इस दौरान व्यापारी और रहवासी सामिल थे।



**इनका कहना है:** शिकायत मिली थी, सभी संबधित अधिकारियों से सड़क निर्माण को लेकर बात की गई है। उक्त मामला कलेक्टर साहब के संज्ञान में है, सोमवार को अधिकारियों को वास्तविक स्थिति बताने कहा गया है। **हेमकरण धुर्वे, एसडीएम**


**- प्रेस विज्ञप्ति -**

मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश, सहसचिव मध्यप्रदेश स्पेशल एंड रेसिडेंशियल अकेडमिक सोसाइटी (MPSARAS) के अंतर्गत विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में 2026-27 हेतु प्रवेश सूचना।

अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र/छात्राओं हेतु संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वी में रिक्त सीटो की पूर्ति EMRS परीक्षा के माध्यम से किया जाना है, इस हेतु आवेदन आमंत्रित है।

विभागीय विशिष्ट आवासीय विद्यालय में रिक्त सीटों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:-

| | बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|
| एकलव्य आदर्श विद्यालय, हर्रई, छिंदवाड़ा (म.प्र.) | 30 | 30 | 60 |

नोट :- उपरोक्त सीट संख्या में कमी अथवा वृद्धि हो सकती है।

प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| क्र. | परीक्षा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारम्भिक तिथि | 10.01.2026 | प्रातः 11:00 बजे से |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि | 10.02.2026 | सायं 05:00 बजे तक |
| 3 | प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने की प्रारम्भिक तिथि | 15.02.2026 | प्रातः 10:00 बजे से परीक्षा तक |
| 4 | परीक्षा की तिथि एवं समय | 22.02.2026 | प्रातः 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक |

परीक्षा केंद्र : जिला/विकासखण्ड मुख्यालय के निर्धारित विद्यालय।

आवेदन प्रक्रिया : कक्षा 5वीं में अध्यनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियां, घुमक्कड़, एवं अर्धघुमक्कड़ समुदाय (DNT/NT/SNT) के अलावा वह बच्चे, जिन्होंने अपने माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद/उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी वेबसाईट https://www.mpsos.nic.in पर स्टूडेंट कॉर्नर के माध्यम से निःशुल्क ओनलाईन आवेदन कर सकते हैं। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालय में रिक्त सीट के विरुद्ध चयन हेतु प्रात्र होंगे। उल्लेखित विशिष्ट आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा, विस्तृत गाइड लाइन एवं विद्यालय की सूची तथा रिक्त सीटों के विवरण संबंधी विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://www.mpsos.nic.in पर स्टूडेंट कॉर्नर में उपलब्ध है।

Admission Convener -
Mr. ANKIT SAINI (PGT Commerce)
Contanct No. 8826574760

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
हर्रई, जिला छिंदवाड़ा म.प्र.


## घर-घर में हो रहा है आईपीएल स्टार मंगेश यादव का सत्कार

### मंगेश यादव ने किया क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले युवा क्रिकेटर मंगेश यादव के प्रथम बार अपने गृह ग्राम बोरगांव आगमन पर जनसैलाब उमड़ पड़ा था, यह सिलसिला शनिवार को भी शुरू रहा है। ग्रामीणों ने उन्हें अपने-अपने घरों में आमंत्रित कर स्वागत किया जा रहा है, उद्योगपति मोहन ताजने कीओर से मंगेश यादव का शाल श्रीफल स्वागत सत्कार किया गया, विधायक विजय चौरे ने भी कांग्रेस साथियों के साथ में पहुंचकर मंगेश यादव को बधाइयां दी। बोरगांव में कांग्रेस नेता प्रदीप कालपांडे के निवास स्थान पर मंगेश का स्वागत श्रीफल और मालाएं पहनाकर महिलाओं ने आरती उतारकर और तिलक लगाकर अभिनंदन किया। इस दौरान किशोर कालपाण्डे,मोरेश्वर कालपाण्डे,मुरलीधर मानकर,विजय माहोरे,सुचेता कालपाण्डे, सुरेखा मानकर,सुधा मानकर, श्वेता पुसदेकर, नंदनी नागले, सविता हिगवे मंजुला पराड़कर, अजय यादव आदि थे।

### सेना से लेकर बैंकिंग तक के विषयों पर हुई चर्चा

**सौंसर।** शासन के निर्देशानुसार शासकीय सांदीपनि विद्यालय में विद्यार्थियों के भविष्य को सही दिशा देने हेतु 'करियर मेला' का गरिमामय आयोजन किया गया। शाला प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मेले में बैंकिंग, रक्षा और करियर काउंसलिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों ने छात्रों को सफलता के गुर सिखाए।कौशल विकास पर जोर देते हुए करियर काउंसलर महेंद्र गुरुवे ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर व्ही. के. देवांगन ने बैंकिंग सेक्टर में करियर की संभावनाओं और छात्रों के लिए उपलब्ध बैंक सुविधाओं की जानकारी दी।

### जय श्रीराम और भारत माता की जय के उद्घोष से गूंजा उठा पोला ग्राउंड

## जो छेड़ेगा हिंदुओं की बस्तियों को हम मिटा देंगे उनकी हस्तियों को: साध्वी सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय स्वयं संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हिंदू जागरण कार्यक्रम आयोजन की श्रृंखला में शनिवार को पोलाग्राउंड में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदुत्व की मुखरध्वनी और कथावाचक साध्वी सरस्वती जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

उनके प्रभावशाली उद्बोधन को सुनने जिले भर से बड़ी संख्या में सनातनी बंधु उपस्थित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजा और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। राष्ट्रसेविका समिति की प्रांत प्रचारिका वसुधा दीदी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में सनातन धर्म और समरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में कभी जाति प्रथा नहीं रही। ये देश समरसता का रहा है।

ये देश राम का है जहां वनों में निवास करने वाली माता शबरी के झूठे बेर का भी भगवान ने रसास्वादन किया है।सह प्रांत प्रचारक श्रवण जी ने कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से हम पूरे सनातन समाज में परिवर्तन करने का संकल्प कर निकले हैं। पंच परिवर्तन के माध्यम से देश में ऊंच-नींच और जात-पात को खत्म किया जा सकता है। सनातन को बचाने के लिए हिंदुओं को बचाने के लिए गुरू तेग बहादुर और उनके चार साहबजादों का बलिदान हम कैसे भूल सकते हैं। हिंदू धर्म को बचाने के लिए शिवाजी महाराज के संघर्ष को याद रखना होगा। सतानत और भारत विरोधी ताकतों को हराना है तो समाज में समरसता का बीजा बोना ही होगा।

हिंदूत्व की मुखरध्वती और कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साध्वी सरस्वती जी ने अपने तेजस्वी उद्बोधन में कहा कि ये देश पेड़ों की पूजा करता है जो सभी को ऑक्सीजन देते हैं। पूरे देश में भारत एकमात्र देश हैं जहां पेड़ों की पूजा होती है। हम सूर्य की पूजा करते हैं पूरे देश में एकमात्र देश हैं जहां सूर्य को एक लोटा जल चढ़ाते हुए मंत्रोच्चार के साथ प्रतिदिन पूजा होती है। पूरे विश्व में किसी और देश और धर्म में प्रकृति की पूजा दिखाई नहीं देगी।




## शाह कॉम्पलेक्स के डिस्मेंटल का मामला

# दुकानदारों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगाः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



यहां पुलिस थाना के ठीक सामने स्थित शाह कॉम्लेक्स बीते 40-50 साल से किराए के कमरों में दुकान चला रहे 5 किराएदार दुकानदारों को एसडीएम अलका एक्का ने आश्वस्त किया कि आपको सूचित किए बिना, आपकी जान माल और सुरक्षा से किसी को खिलवाड नहीं करने दिया जाएगा।

नजुल पट्टा/इमला किसी ने बेचा किसी ने खरीदा होगा, लेकिन कोई भी हो वह अपने बरसों पुराने किराएदारों को विश्वास में लिए बिना भवन को डिस्मेंटल नहीं कर सकता। कोई ऐसा करता पाया जाएगा तो वह गैरकानूनी होगा। एसडीएम अलका एक्का ने पुलिस को भी निर्देश दिए कि इन दुकानदारों के साथ कोई जादती ना होने पाए। दुकानदारों ने उक्ताशय का आवेदन पुलिस थाना में भी देकर शाह कॉम्पलेक्स के लिए रात्रिकालीन सुरक्षा की मांग की है।

### दुकानदारों को नोटिस और समय देने चाहिएः एसडीएम

आज एसडीएम अलका एक्का से मिलकर शाह कॉम्पलेक्स के दुकानदार जिसमें गुरूनानक वार्ड निवासी सतीश कालड़ा, रविदास वार्ड निवासी रवि खुबेले, सुभाष वार्ड निवासी अनीश कुमार मेहता, गुरूनानक वार्ड निवासी अनिल कालड़ा तथा रानी दुर्गावती वार्ड निवासी भारत नागपाल जो पिछले 40-50 वर्षों से व्यवसाय कर रहे है अपने उपर भूमि जादती और अत्याचार होने की बात कही। सभी दुकानदारों ने एसडीएम को बताया कि वर्तमान में शाह कॉम्पलेक्स के भूमि स्वामी कोई और है जिन्होंने पहले के भूमिस्वामी से पट्टा/इमला खरीद लिया है। नए भूमि स्वामी ने शाह कॉम्पलेक्स के पहली मंजिल को खोलना शुरू कर दिया है, पहली मंजिल के कवेलु और अन्य सामग्री तेजी से खाली की जा रही है।

### किराएदारों को भवन डिस्मेंटल की सूचना नहीं

इन दुकानदारों कहा कि शाह कॉम्पलेक्स के भवन को डिस्मेंटल किए जाने की हमें कोई सूचना नहीं दी गई है और आशंका जताई की रात बेरात कभी भी भवन की दीवारे ढहाई जा सकती है जिससे दुकान में रखी लाखों रू. की हमारी सामग्री की हानी हो जाएगी, और हमारा व्यवसाय पूर्णतह ठप हो जाएगा। इन दुकानों के माध्यम से हमारा और दुकान के छोटे कर्मचारियों के कई परिवारो की आजीविका 40-50 साल से चल रही है।

## राम शांति स्कूल एक्जीबिशन का आयोजन




**पांढुर्णा।** राम शांति विद्या मंदिर में आज 17 जनवरी को "सुनीता साइंस एग्ज़ीबिशन 2026" का भव्य आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र बांबल एवं मोरेश्वर ब्रह्मे बीआरसी रहे। निर्णायक मंडल के रूप में शुभम सिमरे एटीएल नोडल ऑफिसर एंड असिस्टेंट प्रोफेसर सीएसई) एवं डॉ० अधीर गोयल डीन एडमिशन्स एंड एटीएल नोडल ऑफिसर ने उपस्थिति दी। इस प्रदर्शनी में जिले की सुभाष मोंटेसरी पब्लिक स्कूल सौसर, स्काईलाइन स्कूल सौंसर एवं गेसन्स पब्लिक स्कूल पांढुरना, सरस्वती शिशु मंदिर पांढुरना, समता पब्लिक स्कूल पांढुरना भी सम्मिलित हुई। इस विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और जिज्ञासा को बढ़ावा देना रहा। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए रोबोटिक्स, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी, ऊर्जा संरक्षण और विज्ञान के मॉडल एवं नवाचारी प्रोजेक्ट्स आकर्षण का केंद्र रहे। छात्रों ने अपने-अपने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाया। यह केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि युवा मस्तिष्कों की रचनात्मकता और भविष्य की वैज्ञानिक सोच का सशक्त मंच है। इस एग्ज़ीबिशन में जूनियर केटेगरी में प्रथम स्थान राम शांति विद्या मंदिर पांढुरना एवं द्वितीय स्थान सुभाष मॉन्टेसरी पब्लिक स्कूल सौसर ने प्राप्त किया। वहीं सीनियर केटेगरी में प्रथम स्थान स्काईलाइन स्कूल सौसर एवं द्वितीय स्थान राम शांति विद्या मंदिर पांढुरना ने हासिल किया। इस प्रदर्शनी में शाला चेयरमैन सुभाष बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, प्राचार्या चारु गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की उत्साहजनक सहभागिता रही। यह प्रदर्शनी 18 जनवरी दिन रविवार को भी सुबह 11:00 से 2:00 बजे तक लगी रहेगी।

### कार्यशाला में बताई बाघों ने गणना की बारीकियां


**सौंसर।** अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु पांढुर्णा वन मंडल अधिकारी सचिन एच. नडगडी के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन विश्राम गृह सौंसर में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में वन अमले को आधुनिक तकनीक के माध्यम से बाघों की गणना की बारीकियां सिखाई गईं।कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर पवन भकने एवं बापूराव पाठे ने कन्हान सामान्य, सौंसर सामान्य और उत्पादन वनमंडल के स्टाफ को प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि कैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाघों के पदचिह्न, साक्ष्य और पारिस्थितिक डेटा को सटीकता से दर्ज किया जा सकता है। इस अवसर पर डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के समन्वयक अजिंक्य भाटकर, उपवनमण्डल अधिकारी सौसर प्रमोद चोपड़े, वन अधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी, अनीता सूर्यवंशी के अलावा बड़ी संख्या में वन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिलाध्यक्ष मोहोड़ का महिला मोर्चा किया स्वागत

**सौंसर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ के कार्यकाल का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा की बहनों द्वारा उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर महिला पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट किए मिठाई खिलाकर उनके सफल नेतृत्व की सराहना की। महिला मोर्चा श्रीमती उषा भमोरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में श्री मोहोड़ के कुशल मार्गदर्शन में संगठन को मजबूती मिली है,और जनहित के कार्यों में तेजी आई है। आगामी समय में भी उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी विकास और सेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।इस दौरान भाजपा नेत्री श्रीमती रागिनी जायसवाल, कविता फरकारे, भारती चंदनकर, कमला दीदी गुप्ता, कविता बारापात्रे और मीना प्रजापति आदि ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मोहड का स्वागत कर बधाइयां दी।



## बैंड बाजे डीजे के बीच भगवा पताका लहराते हुए झूमे युवा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

हिन्दू सम्मेलन समिति, जुन्नारदेव द्वारा आगामी 21 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता हेतु नगर में शनिवार 17 जनवरी को भव्य वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली के दौरान युवाओं में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला जहां पर वाहनों में सवार युवा बैंड, बाजे और डीजे की धार्मिक धुनो पर हाथों में भगवा पताका लहराकर जय श्री राम, जय जय श्री राम के उद्घोष करते नजर आए। रैली का नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार भी किया गया।वाहन रैली का शुभारंभ नगर के सुकरी हनुमान मंदिर से हुआ, जो श्रीराम तिराहा, सग्गम, दातला, सिनेमा रोड होते हुए नुक्कड़ चौक से बाजार क्षेत्र पहुँची। इसके पश्चात रैली विजय स्तम्भ से पुरानी बस्ती, चिखलमऊ चौराहा, अंबेडकर चौक, मुखर्जी चौक एवं गांधी चौक से गुजरते हुए श्रीराम मंदिर पहुँची।श्रीराम मंदिर में आरती-पूजन एवं प्रसाद वितरण के उपरांत वाहन रैली का विधिवत समापन किया गया।

रैली के दौरान नगर में धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। हिन्दू सम्मेलन समिति द्वारा समस्त नगरवासियों से निवेदन किया गया है कि वे 21 जनवरी 2026 को आयोजित हिन्दू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पूज्य संतों के दर्शन, उनके अमृतवचनों का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करें।

## सांसद ने पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक सहायता, भाजपा जनों ने मिठाई कांड में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



शहर में हुए बहुचर्चित मिठाई कांड में अपनों को खोने वाले परिवारों के बीच भाजपा प्रतिनिधिमंडल पहुंचा जहां पर उनके द्वारा छिंदवाड़ा जिले के सांसद विवेक बंटी साहू की ओर से प्राप्त राशि को पीड़ित परिवारों को 20 -20 हजार की आर्थिक सहायता राशि सौंपी गई तथा दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उल्लेखनीय है कि मिठाई कांड में दसरू यदुवंशी (उम्र 53 वर्ष), सुंदरलाल कथूरिया (उम्र 75 वर्ष) के बाद 22 वर्षीय खुशबू की मौत के साथ यह तीसरी मृत्यु दर्ज की गई है। कथूरिया परिवार में यह दूसरी मौत है, खुशबू (नातिन) की मृत्यु, से पहले उनके दादा सुंदरलाल कथूरिया का निधन हो चुका है। लगातार हो रही मौतों से शहर में शोक का माहौल बना हुआ है। भाजपा जनों ने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।इस अवसर पर पूर्व विधायक नथन शाह कवरेती, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि अमरदीप राय, मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी, वरिष्ठ नेता राजेश श्रीवास्तव, दर्शन मिगलानी, विष्णु शर्मा, बूथ अध्यक्ष कपिल शुक्ला, मयंक साहू एवं जितेंद्र सूर्यवंशी उपस्थित रहे। उपस्थित भाजपा जनों द्वारा मृतकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

### महिला नसबंदी शिविर संपन्न, 123 महिलाओं की की गई सफलतम नसबंदी

**दमुआ/जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दमुआ में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन शनिवार 17 जनवरी को किया गया। शिविर में 123 महिलाओं की सफलतम नसबंदी डॉक्टर एके नायक द्वारा की गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉक्टर सुरेश नागवंशी सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दमुआ का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा और सहयोग प्रदान किया। महिला नसबंदी शिविर के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं नन्हे बच्चे और परिजन उपस्थित थे देर शाम तक शिविर संचालन सफलतापूर्वक किया गया।

## बालाघाट में जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की कार्रवाई

# 1.5 करोड़ रुपए फर्मों ने सरेंडर किए

**बालाघाट।** एमपी के बालाघाट में जीएसटी एंटी इवेजन ब्यूरो की दो दिवसीय जांच पूरी हो गई। इस दौरान हर्ष कंस्ट्रक्शन और वैनगंगा कंस्ट्रक्शन फर्मों में टैक्स संबंधी अनियमितताएं पाई गईं। जांच के बाद फर्मों ने कुल 1.5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमा कराई। हर्ष कंस्ट्रक्शन ने 70 लाख और वैनगंगा कंस्ट्रक्शन ने 80 लाख रुपए से अधिक का भुगतान किया। राशि नकद और इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) के माध्यम से दी गई। जांच दल ने चार साल के दस्तावेजों की गहन पड़ताल की और हर्ष कंस्ट्रक्शन से कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गए हैं। अब इन दस्तावेजों की समीक्षा की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि टैक्स में गड़बड़ी जानबूझकर की गई थी या कोई त्रुटि थी। हर्ष कंस्ट्रक्शन पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के भाई कुमार कावरे की फर्म है, जबकि वैनगंगा कंस्ट्रक्शन पार्टनरशिप फर्म है। इस कार्रवाई के बाद राजनीतिक हल्कों में भी चर्चाएँ तेज हो गई हैं।

## हिन्दू एकता के संदेश के साथ नगर में निकाली गई विशाल वाहन रैली

*** रविवार को कुंभ स्थल में विशाल हिन्दू सम्मेलन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



नगर में हिन्दू सम्मेलन के आयोजन से पूर्व शनिवार को एक भव्य वाहन रैली निकाली गई। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में हिन्दू समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वाहन रैली अष्ट विनायक लॉन (डिंडोरी नाका) से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कटरा, बिंझिया, देवदरा, महाराजपुर मार्ग से गुजरती हुई माहिष्मति घाट पहुँची। रैली में बड़ी संख्या में दोपहिया एवं चारपहिया वाहन शामिल रहे, जिन पर भगवा ध्वज लहराते हुए प्रतिभागी हिन्दू एकता एवं सांस्कृतिक चेतना का संदेश देते नजर आए। नेहरू स्मारक के समीप कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके सहित बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों ने पुष्पवर्षा कर वाहन रैली का स्वागत किया। रैली के समापन पर माहिष्मति घाट में भारत माता एवं माँ नर्मदा की आरती की गई। इस अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक सुधीर कांसकार ने बताया कि यह वाहन रैली रविवार, 18 जनवरी को कुंभ स्थल पर आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर जनजागरण एवं समाज की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता करने की अपील की।

## समाधान का संकल्प, ग्राम पंचायत अंजनी में उमड़ा जनसैलाब विशेष ग्राम सभा सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

आदिवासी अनुसूचित जनजाति क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत मवई की ग्राम पंचायत अंजनी आज जनभागीदारी की मिसाल बनी, जहाँ 17 जनवरी 2026 को संकल्प से समाधान अभियान योजना के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित इस सभा में ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के ग्राम सभा अध्यक्ष गन्ना राम मार्को, सचिव हीरा सिंह राठौर, पंचायत पेसा मोबिलाईजर मनोज कुमार धुर्वे, पोस्ट ब्रांच मास्टर अंजनी अमीषा मेश्राम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं मतदातागढ़ उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर ग्राम विकास एवं सुशासन के संकल्प को मजबूत किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार की ग्राम सभाएँ समस्याओं के समाधान के साथ-साथ लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाती हैं।

**भ्रमण** | **फील्ड ट्रिप के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत हुए बच्चे।**

# किड्जी प्ले स्कूल के विद्यार्थियों को कराया भ्रमण

*** बैंक, थाना, रेल्वे स्टेशन एवं नगर पालिका की मिली जानकारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



किड्जी प्ले स्कूल सिविल लाइन्स मंडला ने नन्हे विद्यार्थियों के लिए एक मनोरम फील्ड ट्रिप का आयोजन किया, इस अभियान का उद्देश्य नन्हें बच्चों को समुदाय सहायक एवं पब्लिक सेक्टर की आवश्यक जानकारी के साथ व्यापक बनाना, स्कूली शिक्षा के साथ हमारी दैनिक गतिविधियों में इन विभागों के योगदान से अवगत कराना रहा। स्कूली शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया।

इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में विजिट के दौरान ब्रांच मैनेजर शेखर कोल्हे ने बच्चों को बैंकिंग गतिविधियों की जानकारी दी। यहां पर हमारे खाते में रकम जमा करना, रकम निकालना, एफडी आदि हमारे रोजाना की दिनचर्या में बैंकिंग के महत्व को समझाया।

यातायात विभाग के भ्रमण करने के दौरान यातायात प्रभारी ललित धुर्वे, सूबेदार योगेश राजपूत ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित जीवन के लिए इन नियमों के आवश्यक पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक जानकारियां दी गई।

थाना कोतवाली के भ्रमण के दौरान थाना नगर निरीक्षक शफीक खान के निर्देशन में बच्चों को थाने के लॉकर, शिकायत दर्ज कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। बढ़ते क्राइम से सतर्क रहने के लिए आवश्यक तथ्य बताए गए। पुलिस से निर्भीक निडर होकर रहें और सबका सहारा 112 डायल को प्राथमिकता दें।

रेलवे स्टेशन महाराजपुर में स्टेशन मास्टर आर के श्रीवास्तव के निर्देशन में बच्चों को टिकिट कलेक्शन, रेल के इंजन को जोड़ना, रेलवे संचालन, आधुनिक पैनल रूम संबंधित बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

इसके पश्चात नगर पालिका मंडला में मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानन नाफडे. के निर्देशन में फायर शाखा डायल 101 के संबंध में जानकारी दी गई, किसी स्थान पर आग लगने, विभाग को सूचित करने से लेकर आग बुझाने तक की मौजूद गतिविधियों के माध्यम से अवगत कराया गया।




## महिलाओं पर आपत्तिजनक बयान के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

*** कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का पुतला फूंका।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला में कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयानों के विरोध में शनिवार शाम भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने नेहरू स्मारक परिसर में विधायक का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध जताया।

प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक के बयान को महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं और यह संपूर्ण नारी समाज का अपमान है। कार्यकर्ताओं ने विधायक से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और कांग्रेस से उन्हें बर्खास्त करने की मांग की।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा ने इस संबंध में कहा कि महिलाओं के प्रति इस प्रकार की भाषा कांग्रेस की सोच को दर्शाती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र माफी नहीं मांगी गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। पुतला दहन के समय कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत संजय कुशराम, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री शशि पटेल सहित, नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत अनीता तिवारी, साहू, विभोर मिश्रा, महेंद्र सोनकेशरी, अंकित ज्योतिषी, दीपांशु बब्बू दुबे, सुनील मिश्रा, देव, सुधीर मिश्रा, विकास यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### आज पी जी कॉलेज ग्राउंड में होगा विशाल ईनामी दंगल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भैरोगंज दंगल आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि दिनांक 18/01/2025 दिन रविवार को शहर के पी जी कॉलेज ग्राउंड में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन रखा गया है वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन उपस्थित रहेंगे। साथ ही दंगल समिति के आयोजक भूरा पहलवान द्वारा बताया गया कि दंगल में स्थानीय और राज्य स्तरीय पहलवान दंगल में अपनी कला का प्रदर्शन करने पहुँच रहें है वही दंगल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या पहुंचने की अपील की है।

### गजरथ महोत्सव में भगवान के जन्म के अवसर पर विशाल शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा नगर श्री मज्जिनेंद्र पंच कल्याणक विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव का विशेष आयोजन भगवान के जन्म के अवसर पर एक ऐतिहासिक आकर्षक शोभा यात्रा कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर तकिया वार्ड होते हुए झंडा चौक, लोधी वार्ड होते हुए बस स्टेंड,से भीमगढ रोड़ से वापस वहीं मार्ग से कार्यक्रम स्थल पहुंची यात्रा में ऊंट ,हाथी ,घोड़े, बग्गी के साथ राज दरबार इंद्र दरबार विभिन्न बाजे डीजे के साथ विभिन्न रंगों का परिधान वाले नर नारी इस यात्रा में शामिल हुए नगर वासियों एवं प्रशासन के सहयोग से यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

### इकोक्लब द्वारा कंपोस्टिंग टेक्निक विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. पी. जी. कॉलेज सिवनी में ईको क्लब के द्वारा पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 16/01/2026 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई द्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि शंकर नाग ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्रों को आज की आवश्यतानुसार कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया द्य डॉ वर्षा जैन ने इकोक्लब के विषय मिशन लाइफ के मुख्य उद्देश्य पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करना है द्य महाविद्यालय के एन. सी. सी. ऑफिसर डॉ. पवन वासनिक ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन होना चाहिए।

### एक जिला-एक उत्पाद योजना अंतर्गत सीताफल आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में एक जिला-एक उत्पाद योजना में सीताफल की उन्नत खेती तकनीक, विपणन एवं प्रसंस्करण पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार 16 जनवरी को होटल साईं रेसीडेंसी में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग तथा मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी), जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी सीताफल उत्पादक कृषकों एवं उद्यमियों को प्रदान की गई।

# सिंचाई के लिए निकले किसान की बाघ के हमले में हुई मौत

## बाघ के बढ़ते खतरे के बावजूद पेंच प्रबंधन की लापरवाही उजागर

**पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष ने एक निर्दोष किसान की जान ले ली, लेकिन इस दर्दनाक घटना के बाद भी पेंच प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

16 जनवरी 2026 की रात्रि खेत में सिंचाई के लिए निकले किसान राजकुमार कहार की बाघ के हमले में हुई मौत ने प्रबंधन की तैयारियों और सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पेंच टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में बाघों की लगातार आवाजाही की जानकारी पहले से थी। इसके बावजूद न तो वन विभाग द्वारा पर्याप्त गश्त की गई और न ही ग्रामीणों को समय रहते कोई ठोस चेतावनी या सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। खेतों तक जाने वाले मार्गों पर न लाइट की व्यवस्था है और न ही कोई सुरक्षा घेरा, जिससे रात के समय ग्रामीण सबसे अधिक असुरक्षित हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग हर बार घटना के बाद केवल औपचारिक कार्रवाई कर मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या एक परिवार के मुखिया की जान की कीमत सिर्फ सहायता राशि से चुकाई जा सकती है? मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं छोटे बच्चों और पत्नी के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि पेंच प्रबंधन द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए कोई दीर्घकालिक योजना नहीं बनाई गई है। न तो गांवों के आसपास सोलर फेंसिंग की व्यवस्था है, न ही रात्रिकालीन निगरानी दल सक्रिय हैं। बार-बार होने वाली घटनाओं के बावजूद प्रबंधन का रवैया केवल घटना के बाद कार्रवाई तक सीमित है।

ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन से मांग की है कि गांवों के आसपास बाघों की मूवमेंट पर सख्त निगरानी की जाए, खेतों और गांवों तक जाने वाले मार्गों पर पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और त्वरित चेतावनी तंत्र विकसित किया जाए, तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए ठोस और स्थायी नीति बनाई जाए।

यदि समय रहते पेंच प्रबंधन ने गंभीर कदम नहीं उठाए, तो ऐसी घटनाएं दोहराने से इनकार नहीं किया जा सकता। सवाल यह है कि आखिर कब तक ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर खेती करने को मजबूर रहेंगे और कब तक प्रबंधन केवल कागजी दावों में उलझा रहेगा।

# सिवनी में साईं भक्ति का महापर्व 19 से पहली बार होंगे साईं बाबा की मूल चरण पादुका के दिव्य दर्शन





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलने जा रहा है। साईं बाबा द्वारा धारण की गई मूल चरण पादुका के दिव्य दर्शन का सौभाग्य सिवनीवासियों को पहली बार प्राप्त होगा। इस पावन अवसर पर साईं उत्सव एवं साईं मेला का आयोजन 19 जनवरी से 22 जनवरी 2026 तक साईंपुरम, सिवनी (म.प्र.) में किया जाएगा। आयोजन की शुरुआत 19 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे भव्य साईं पालकी एवं चरण पादुका दर्शन शोभायात्रा के साथ होगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का सृजन भी करेगा। आयोजकों के अनुसार यह मध्यप्रदेश में प्रथम अवसर है, जब सिवनी की पावन धरा पर साईं बाबा की दिव्य चरण पादुका का आगमन हो रहा है। चार दिवसीय इस साईं उत्सव के दौरान भजन, कीर्तन, सत्संग एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो सकेंगे। इस भव्य आयोजन का दायित्व श्री शिरडी साईं मंदिर ट्रस्ट, साईंपुरम, सिवनी (म.प्र.) द्वारा निभाया जा रहा है। ट्रस्ट ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर साईं बाबा के दिव्य दर्शन का लाभ लें और इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें।

## खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचः डॉमिनोज को जारी हुआ इंप्रूवमेंट नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार नागरिकों को स्वच्छ एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लेने की कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में 16 जनवरी को नगरीय क्षेत्र सिवनी बाबरिया रोड स्थित डोमिनोज, पंजाबी तडक़ा एवं छिंदवाड़ा रोड स्थित मिड वे ट्रीट का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना लेकर चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौकास्थल पर ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की गई। निरीक्षण के दौरान डॉमिनोज में वेज एवं नॉनवेज सामग्री एक ही स्थल पर रखे पाए जाने पर संबंधित को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया साथ ही डोमिनोज से टमाटर पूरी का नमूना एवं पंजाबी तडक़ा से पनीर का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। इसी कड़ी में धनौरा तहसील स्थित पवन दूध डेरी से पनीर, गाय भैंस का मिश्रित दूध, ग्राम नई पिपरिया में स्थित ललित सेन किराना स्टोर से पिसी सौठ का नमूना लिया गया।

## भगवान आदिनाथ मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभु श्री ऋषभ देव हुये इस भारत देश के प्रथम तीर्थंकर प्रतापी राजा जिसके इक्ष्वाकु कुल मे जन्म हुआ मनु व मर्यादापुरुषोत्तम श्री रामः योगी आदित्यनाथ जी उ.प्र. शासन प्रभु आदिनाथ जी के प्रथम पुत्र चक्रबर्ती भगवन भरत के नाम से हुआ इस देश का नाम बागेश्वर सरकार जनवरी को तिथि माघ कृष्ण 14 जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदि ब्रम्हा युग प्रर्वतक असी मसी कृषि विद्या वाणिज्य शिल्प आदि महाकलाओ के सर्व प्रथम ज्ञाता भगवान आदिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर मध्य प्रदेश की धर्म नगरी श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन अतिशयक्षेत्र सिवनी मे प्रभु को निर्वाण लाड़ू चढ़ाया गया ।

## प्रकाश नगर मालू गार्डन में विशाल हिंदू सम्मेलन, महिलाओं व बच्चों की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।





प्रकाश नगर स्थित मालू गार्डन में विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की बड़ी सहभागिता देखने को मिली, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना रहा।

सम्मेलन के दौरान धर्म, संस्कृति और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर वक्ताओं ने विचार रखे। साथ ही आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिलाओं एवं बच्चों ने भजन, धार्मिक गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम स्थल पर उत्साह, भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के समापन पर समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

### हथनापुर में विराट हिंदू सम्मेलन आज

हथनापुर में सनातन धर्म का सामाजिक समरसता महाकुंभ 18 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन सकल हिंदू समाज क्षेत्रवासीयों द्वारा किया जा रहा है। इसमें आसपास के गांवों और कस्बों से हजारों लोग शामिल होंगे।

इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में परम पूज्य गीता मनीषी ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप महाराज (परमहंसी आश्रम श्रीधाम गोटेगांव उपस्थित रहेंगे। महाराज जी अपने सरल और प्रेरणादायक विचारों से लोगों को धर्म, संस्कृति और अच्छे संस्कारों का महत्व बताएंगे। आयोजकों का कहना है कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एक साथ लाना, आपसी भाईचारे को बढ़ाना और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोडना है। यह सम्मेलन समाज में अच्छे विचार, अच्छा व्यवहार और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना बढ़ाने का काम करेगा। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह है। गांव-गांव में लोगों को इस आयोजन की जानकारी दी जा रही है। निमंत्रण कार्ड एवं पीले चावल डाले गए हैं।प्रभात फेरी निकाल 10 ग्राम में जागरण का कार्य हुआ है।युवा, महिलाएं, बुजुर्ग, संत समाज और समाजसेवी सभी इस सम्मेलन में आने की तैयारी कर रहे हैं। आयोजन स्थल पर बैठने, पीने के पानी, सफाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा की पूरी व्यवस्था होगी। इसके साथ ही सभी लोगों के लिए भंडारा प्रसादी की भी व्यवस्था की गई है, ताकि सभी श्रद्धालु प्रेमपूर्वक भोजन ग्रहण कर सकें। सकल हिंदू समाज से विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति ने सभी लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित इस सम्मेलन में जरूर शामिल हों और इस बड़े आयोजन को सफल बनाएं।

कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रतिभाओं को मंच से सम्मानित भी किया जाएगा साथ ही नेत्र शिविर का आयोजन भी किया गया है जिसमें निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया जाएगा। एवं सहभोज (भंडारा)का आयोजन भी हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति ने रखा है। साथ ही समस्त हिंदू भाईयों बहिनों से एक दिन का समय निकालने का आग्रह आयोजन समिति ने किया है।

## केवलारी मे हिंदू सम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन



**केवलारी /** सिवनी विकासखंड मुख्यालय केवलारी में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन मुख्यालय के बड़े खेल मैदान मे संपन्न किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में धर्म क्षेत्र के चर्चित संत स्वामी प्रज्ञानंद जी महाराज उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाहअनिल चंद्रवंशी एवं गायत्री परिवार से परीब्राजक श्रीमति ईमला बोपचे उपस्थित रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा कन्या पूजन ,मिट्टी पूजन , एवं गौ पूजन कर की गई । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा उपस्थितज जन समुदाय को मार्गदर्शन किया गया अंत में मुख्य वक्ता स्वामी प्रज्ञानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे यहां पर अच्छे आचार विचार ही व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाते हैं और आचार विचार की शुद्धि का हमें ख्याल रखना है ।संत रैदास संत तुलसीदास जी एवं अनेको संतो को भी हमने संत के रूप में स्वीकार किया है तो हमने जातियों से स्वीकार नहीं किया है हमने उनके आचरण से उनको श्रेष्ठ माना है और महान माना है आचरण ही व्यक्ति को महान बनाते हैं ।इसलिए हमें अपने समृद्ध समाज में अपने समृद्ध स्वरूप में इस बात का ख्याल रखना है कि आचरण की पवित्रता बनी रहे महराज जी ने आगे कहा की महापुरुषों के चरित्र से संस्कार का निर्माण होना चाहिए महापुरुषों का जीवन चरित्र पढना सुनना चाहिए । पेहले घर मे लोग सुख सागर पढ़ते थे सुनते थे और सुख सागर से रामचरितमानस से ही बच्चों को धर्म का ज्ञान हो जाता था अपने महान पूर्वज है उनके चरित्र का बोध हो जाता था । हम नया भारत का निर्माण करने के लिए सनातन धर्म को और उच्चतम स्वरूप प्रदान करने के लिए कल्याण का स्वरूप भारत का बने भारतवासियों का बने इसलिए धर्मशास्त्र संयुक्त शिक्षा दी जाए . ।आज हिंदू सम्मेलन पर आए हैं आपको सबको यहां से हम यही भाव रखेंगे सबके जीवन में और एक बात और कहना चाहेंगे यहां आदिवासी वनवासी क्षेत्र है आदिवासी बनवासी क्षेत्र में लोग बरगला रहे हैं बरगला कर के छोटा-छोटा प्रलोभन देकर और उनका धर्मांतरण करवा रहे हैं यह धर्मांतरण करवाने वाले लोग प्रलोभन दे कर आपको धर्म से विरोध कर रहे हैं इनसे सावधान होने की आवश्यकता है । नक्सलवादियों के लिए कोई स्थान जमीन पर नहीं होना चाहिए क्योंकि यह घर के विरोधी नहीं ये मानवता के विरोधी है अनाचरण कर रहे हैं नक्सलवाद के रूप में असांति फेला रहे है उनके लिए तो सीधे यमराज के अतिरिक्त दूसरा कोई स्थान नहीं होना चाहिए ।माता बहनों की अस्मिता के साथ में खिलवाड़ नहीं हो रहा है ध्यान रखना वहां जो भारत की सरकार को चाहिए कि अवैध बांग्लादेशी हिंदुस्तान के अंदर में रह रहे हैं समय आएगा जब वह हमारे हिंदुस्तान के हमारी माता बहनों की अस्मिता को भी सुरक्षित नहीं रहने देंगे इसलिए इन घुसपैठियों को किसी प्रकार का संरक्षण प्राप्त नहीं होने चाहिए और इन्हें देश से खदेड देना चाहिए ।

## ग्राम पंचायत जाम आष्टा में कोटवार की भर्ती में धांधली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




मामला ग्राम पंचायत जाम आष्टा)का वोटिंग में जीत होने पर भी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति होने पर बरघाट विधानसभा के ग्राम पंचायत जाम (आष्टा) में इन दिनों ग्राम कोटवार की भर्ती पर बवाल मचा हुआ है ,जानकारी में बताया गया है कि ग्राम पंचायत जाम (आष्टा )में ग्राम कोटवार का पद रिक्त होने पर तहसीलदार बरघाट के आदेश अनुसार ग्राम पंचायत में इश्तहार चस्पा किया गया था, जिसमें ग्राम के चार व्यक्तियों ने कोटवार पद के लिए उप तहसील गंगेरूवा (धपारा) में अपने-अपने आवेदन जमा किया था आवेदन पर निष्पक्ष नियुक्ति हेतु पुनः तहसीलदार बरघाट द्वारा पंचायत को आदेश किया गया कि ग्राम वासियों के अभी मत के द्वारा ही नियुक्ति की जावेगी। पंचायत द्वारा 8 /12 /2025 को ग्राम प्रस्ताव लेकर सभी के लिए वोटिंग हुई जिसमें परिवार से एक आईडी पर चुनाव हुआ सही का निशान पसंदीदा उम्मीदवार पर लगाकर चुनाव किया गया, जिसमें देवेंद्र बोरकर पिता मौसम लाल बोरकर 11 मत ,दुर्गा प्रसाद दशमेर पिता रामलाल दशमेर को 169 मत संतोष मेश्राम पिता काशीराम मेश्राम 80 मत ,राहुल खोबरागड़े पिता रामदास खोबरागड़े को 23 मत ग्राम वासियों के द्वारा प्राप्त हुये।

दुर्गा प्रसाद दशमेर विजय होने पर भी तहसीलदार बरघाट द्वारा देवेंद्र बोरकर की नियुक्ति पर ग्राम वासियों में आक्रोश

ग्राम वासियों का कहना है कि पंचायत द्वारा दुर्गा प्रसाद दशमेर काअभिमत प्रस्ताव पास होने के बावजूद भी देवेंद्र बोरकर को नियुक्ति तहसीलदार बरघाट द्वारा कर दी गई जिसके कारण आवेदक दुर्गा प्रसाद दशमेर ने जब जानकारी लिया तो पता लगा कि इसके पहले ही नियुक्ति देवेंद्र बोरकर की हो चुकी थी ,ग्राम वासियों का कहना है कि पंचायत सरपंच एवं तहसीलदार की मिली भगत से जीते हुए व्यक्ति को कोटवार ना बनाकर 11 मत वाले हारे व्यक्ति को कोटवार पद की नियुक्ति देने पर कहीं ना कहीं लेनदेन की आशंका जाग रही है ग्राम वासियों ने कलेक्टर महोदय से निवेदन किया है कि इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर निष्पक्षता के साथ ग्राम कोटवार की नियुक्ति की जाए।

### इनका कहना है

मुझे ग्राम पंचायतद्वारा कोटवार के लिए अभी मत प्रस्ताव पास हुआ है मुझे इस पद पर नियुक्त किया जावे।

**दुर्गा प्रसाद दशमेर**

मै अभी मीटिंग में हूं, बाद में बात करेंगे।

**अमृतलाल धुर्वे (तहसीलदार बरघाट)**

## ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम का शुभारंभ

**सिवनी।** म.प्र.जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकीय विभाग मध्य प्रदेश शासन विकास घंसौर में आईटीआई सभागार में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान का शुभारंभ सुरेश डहेरिया जी संघ प्रचारक, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मुकेश सेन आईटीआई के प्रचार्य पारस साहू जी ,स्केल डेवलपमेंट ट्रेनर्स श्री संजू विश्वकर्मा जी, सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती नेहा कुमरे जी ,की उपस्थिति में मां भारती के छायाचित्र एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया पूजन के पश्चात उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया ।स्वागत पश्चात श्री सुरेश डहेरिया प्रचारक जी ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की 165 भी जन्म जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान की शुरुआत की गई ।आज इस कड़ी में सिवनी जिले के विकासखंड घंसौर में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। यह कार्यक्रम विकास खंड और सेक्टर से होते हुए प्रस्फुटन ग्रामों तक इस अभियान की जो श्रृंखला बनी है उसे 26 जनवरी तक चलाया जायेगा। उन्होंने ने उपस्थित परिषद के नेटवर्क से अभियान को सफल बनाने की अपील की ,इसके पश्चात श्रीमती नेहा कमरे जी द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन ने व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न प्रकार की योजनाएं बनाई है समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाना।

## गौ माता को बचा लाया, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



ज्ञात हो कि 16/1/2026 को कुछ गौ तस्कर पैदल मार्ग से 2 गौ माता को अज्ञात रूप से चोरी छिपे तस्करी कर ले जा रहे थे। समय पर संगठन को सूचना मिली और तुरंत हरकत में आकर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष रोहित सक्सेना नगर अध्यक्ष शुभम बघेल , सुरेन्द्र बघेल, जगदीश यादव,दिनेश यादव, बबलू भाई, नितिन बघेल, सुजल बघेल द्वारा तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा गया एवं थाना बंदोल के हवाले किया गया । पुलिस द्वारा कार्यवाही कर मामला दर्ज कर गौ माता को गौ सेवा संस्थान भेज दिया गया है।

## बरेला में विशाल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

### शिव शक्ति कबड्डी क्लब के तत्वावधान में खेल प्रतिभाओं को मिला मंच, इनामी राशि ने बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और पारंपरिक खेलों को नई पहचान दिलाने की दिशा में ग्राम बरेला में विशाल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। शिव शक्ति कबड्डी क्लब बरेला के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 16 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के जिलों की नामी-गिरामी टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर गांव का वातावरण खेलमय हो गया और बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक मैदान में मौजूद रहे। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी ग्राम बरेला में खेरमाई प्रांगण में आयोजित इस विशाल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा मैदान, खिलाड़ियों की सुविधाएं, दर्शकों के लिए बैठक व्यवस्था, सुरक्षा एवं अनुशासन की पुख्ता तैयारी की गई है। कबड्डी जैसे पारंपरिक और लोकप्रिय खेल के आयोजन से न केवल युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ रही है,



बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर भी मिल रहा है।

इस विशाल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं, जिसने खिलाड़ियों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये नकद, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 4500 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 2500 रुपये नकद प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार, इनामी राशि के साथ-साथ विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दूर-दराज से कबड्डी टीमें ग्राम बरेला पहुंच रही हैं। पहले ही दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां खिलाड़ियों ने दमखम, रणनीति और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खेल प्रेमियों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेलों की ओर आकर्षित होते हैं।

प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम बरेला की सरपंच श्रीमती झुनिया बाई एवं उपसरपंच श्रीमती सुनीता बाई की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री जितेंद्र नेमा विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा आयोजन समिति के सचिव शंकर लाल यादव, दिनेश पटेल, सुनील नेमा, मंगल यादव, सुनील दुबे, सुग्रीव पटेल, आत्माराम डेहरिया, गगनदीप जावरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय एक्जीबिशन का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वयं का, स्वयं के लिए, स्वयं के द्वारा इस मूल भावना को साकार करते हुए नई सोच महिला मंडल द्वारा स्वयं एक्जीबिशन का तीन दिवसीय आयोजन एमएसएमई-डीएफओ, इंदौर के सहयोग से सफलतापूर्वक शुरू हुआ। जनपद पंचायत मैदान में प्रदर्शनी का शुभारंभ परिवहन एवं शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ,नपा अध्यक्ष नीरज दुबे तथा समाजसेविका भारती ठाकुर की उपस्थिति रही। आयोजन का नेतृत्व नई सोच हमारी महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. कल्पना मिश्र, सचिव चाहत पचैरी एवं उपाध्यक्ष दीपिका कपूर ने सामूहिक रूप से किया।

### श्रीमद्भागवत कथा 20 से



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संगीतमय श्रीमद भागवत कथा 20 जनवरी से कलश यात्रा से प्रारंभ होगी। इस संबंध में श्याम समिति ने बताया कि नरसिंह मंदिर परिसर में 26 जनवरी तक चलने वाली श्रीमद् भागवत कथा में कलश यात्रा 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे से निकलेगी। प्रतिदिन कथाव्यास आचार्य अजय महाराज डोंगरगाँव वालों द्वारा दोपहर 2 बजे से प्रवचन दिए जाएंगे। श्याम समिति ने सभी से इस आयोजन में सहभागिता की अपील की है।

### ओलम्पियाड प्रतियोगिता 1562 परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के निर्देशानुसार ओलम्पियाड सत्र 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय (द्वितीय चरण) की दो दिवसीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन जिले के समस्त विकासखण्ड मुख्यालयों पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस परीक्षा तीन पालियों में सम्पन्न कराई गई। प्रथम दिवस कक्षा दूसरी एवं तीसरी के हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित विषयों तथा कक्षा छठवीं से आठवीं तक के हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत विषयों की प्रतियोगिता ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की गई। जिला कंट्रोल रूम प्रभारी अखिलेश राजोरिया ने बताया कि जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के प्रथम दिवस में कक्षा दूसरी तीसरी एवं छठवीं से आठवीं की हिंदी, अंग्रेजी गणित संस्कृत की प्रतियोगिता परीक्षा में छः परीक्षा केंद्रों पर 1562 परीक्षार्थी में से 1428 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें हिंदी विषय में कक्षा 2 से 3 के कुल 208 में से 167 उपस्थित। कक्षा छठवीं से आठवीं में कुल 312 में से 288 उपस्थित। अंग्रेजी विषय' में कक्षा 2 से 3 के कुल 209 में से 187 उपस्थित। कक्षा छठवीं से आठवीं में कुल 312 में से 300 उपस्थित। गणित विषय' में कक्षा 2 से 3 के कुल 209 में से 185 उपस्थित। संस्कृत विषय में कक्षा छठवीं से आठवीं में कुल 312 में से 301 उपस्थित रहे।

### सांदीपनि विद्यालय में कैरियर मेले का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समग्र शिक्षा अभियान लोक शिक्षण संचारसनालय म.प्र. के निर्देशानुसार सांदीपनि विद्यालय में एक दिवसीय कैरियर मेला का आयोजन कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के मार्गदर्शन हेतु किया गया। जिसमें विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, वाणिज्य, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में विशेषज्ञ महानुभावों अग्रवाल हॉस्पिटल नरसिंहपुर से डॉ. आर. के. द्विवेदी वैदिक नर्व थैरेपिस्ट एवं होम्योपैथी फिजिशियन, बैंक ऑफ इंडिया नरसिंहपुर से अमृत हुसैन, सुमीर दास, नारद सोलर पावर से कपिल इंदुरख्या. ने प्रेरक मार्गदर्शन दिया। साथ ही कैरियरर मेले में विभिन्न स्टॉल पर जाकर छात्राओं ने कैरियर कार्ड के माध्यम से अपने ज्ञान वर्धन एवं जिज्ञासा समाधान किया।

### चालानी रसीद को बता रहे अनुमति, प्रत्येक भट्टे में लाखों की संख्या में ईंटों का निर्माण

# चेतावनी के बाद भी जम रही है अवैध भट्टा संचालकों की सल्तनत, पर्यावरण, राजस्व और स्वास्थ्य को नुकसान





**लांजी।** क्षेत्र में ईंट भट्टों का संचालन खुलेआम जारी है। क्षेत्र के बकरामुंडी में ही लगभग एक दर्जन से अधिक अवैध ईंट भट्टों का संचालन बेखौफ होकर किया जा रहा है जबकि इस क्षेत्र से प्रशासनिक कार्यालयों की दूरी भी महज 1 किलोमीटर भी नहीं है। भट्टा संचालक नियम कानून को ताक पर रखकर ईंट भट्टे धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं। इन भट्टों से न केवल पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है, बल्कि सरकार के राजस्व को भी लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद खनिज विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। जबकि अवैध र्इंट भट्टा संचालकों पर कार्यवाही करने के लिये कुम्हार समाज संगठन लांजी द्वारा दो दिन पूर्व ही एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। वहीं कुछ भट्टा संचालकों द्वारा गरीब आदिवासियों के नाम पर इन भट्टों का संचालन किया जा रहा है। हालांकि, सवाल यह उठता है कि क्या लांजी क्षेत्र में संचालित सभी भट्टे पारंपरिक कुम्हार और आदिवासी ही चला रहे हैं ? क्या इन भट्टों में उपयोग हो रहे भूसे लकड़ी और भूमि का वैधानिक रिकॉर्ड मौजूद है ? यदि सब कुछ नियमों के तहत है, तो फिर पर्यावरणीय मानकों और खनिज नियमों का खुला उल्लंघन क्यों हो रहा है? अवैध ईंट भट्टों का संचालन न केवल पर्यावरण कानूनों का उल्लंघन है, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ है। अब सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन और उच्च अधिकारी खनिज विभाग की इस लापरवाही पर संज्ञान लेंगे और कब?

#### कागजी कार्यवाही तक सीमित है खनिज विभाग की कार्यवाही....

लोगों का कहना है कि खनिज विभाग केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित है। अधिकारी धरातल पर जाकर निरीक्षण नहीं करते हैं। कार्रवाई होती तो इन भट्टा संचालकों पर प्रशासन तगड़ी कार्यवाही करता और राजस्व को नुकसान नहीं होता। परंतु शिकायत मिलने के बाद भी जिला मुख्यालय स्थित खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंह दिखाई वाली रस्म अदायगी करते हुए नियमों को ठेंगा दिखाया जाता है और एक दो संचालकों पर चालानी कार्यवाही कर रवानगी ले जाती है। जिससे साल दर साल क्षेत्र में अवैध र्इंट भट्टा संचालकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। क्षेत्र का हर दूसरा ठेकेदार अपने भवन निर्माण का कार्य छोड़कर अब नियमों को ताक पर रखकर बड़ी मात्रा में भट्टे लगाकर र्इंट बनाकर बेच रहे है और कुम्हार समाज अपने ही काम से पीछे होता जा रहा है।

#### नाबालिग बच्चों से भी लिया जा रहा है काम....

बकरामुंडी क्षेत्र के अधिकतर भट्टा संचालकों द्वारा र्इंट बनाने के लिये लिये जिन मजदूरों से काम लिया जा रहा है उनमें कुछ बच्चे भी शामिल है जो यहां पर कार्य करते आसानी से देखे जा सकते है। जबकि शासन के निमयानुसार 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों एवं 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों से काम करवाना कानूनन अपराध है। ऐसी स्थिति में कार्य कराने वाले लोगों पर कानून अपना शिकंजा कस सकता है और इस अपराध पर सजा के रूप में 20 से 50 हजार तक जुर्माना एवं एक या दो वर्ष के कारावास की सजा हो सकती है वहीं इस कृत्य की पुनरावृत्ति होने पर 1 से 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा हो सकती है परंतु बकरामुंडी क्षेत्र के भट्टा संचालकों को इन नियमों का जरा भी भय नहीं है।

#### इन लोगों द्वारा बकरामुंडी क्षेत्र में किया जा रहा भट्टे का संचालन....

जानकारी अनुसार जनपद क्षेत्र लांजी के बकरामुंडी वार्ड क्रमांक 1 में जिन लोगों द्वारा भट्टा संचालित किया जा रहा है उनमें नीलचंद घोरमारे, यशवंत घोरमारे, होमेश्वर घोरमारे, शुभम श्यामकुवर,मनोज वानखेड़े, संतोष महोबिया, शैलेश पसीने एवं श्री जैतवार द्वारा अवैध रूप से ईंट भट्टे का संचालन किया जा रहा है जो नियम विरूद्ध है। प्रशासन द्वारा कुम्हार समाज के विरोध के बाद इन भट्टा संचालकों पर चालानी कार्यवाही भी की है। जिसे इनके द्वारा प्रशासन की अनुमति बताकर अपने इस अवैध कार्य को बेखौफ होकर अंजाम दिया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 1 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के पीछे महज 50 मीटर की दूरी पर भी एक भट्टे का संचालन किया जा रहा है जो नियम विरूद्ध है जिससे भट्टे से निकलने वाले धुएं से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

#### इनका कहना है....

तहसीलदार के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम भेजकर क्षेत्र के र्इंट भट्टों का निरीक्षण किया जाएगा। अनियमितता पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही अगर किसी ईंट भट्टे में नाबालिगों एवं बच्चों से कार्य कराया जा रहा है तो श्रम निरीक्षण को बुलाकर जांच कराई जाएगी और भट्टा संचालक के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार**
**एसडीएम लांजी**

# ब्रह्माकुमारीज़ ने लगाई नशा मुक्त भारत अभियान आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी

**तेंदूखेड़ा। बरमान मेले में ब्रह्माकुमारीज़ के तत्वावधान में आध्यात्मिक ज्ञान प्रदर्शनी एवं नशा मुक्त भारत अभियान का गरिमामयी आयोजन किया जा रहा है।जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल एवं आदरणीय बीके प्रीति दीदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बी के अर्पिता दीदी ने विधायक को सृष्टि चक्र के गहरे रहस्यों और ब्रह्मांडीय ज्ञान से अवगत कराते हुए बताया कि आज का मनुष्य अपनी वास्तविक पहचान और आंतरिक शक्तियों को पूरी तरह भूल चुका है।**



उन्होंने स्पष्ट किया कि जो मानव पूर्व में अपने दिव्य गुणों के कारण देवता स्वरूप था वह समय के साथ संस्कारों के क्षय के कारण आज एक साधारण और अशांत मनुष्य बनकर रह गया है।इसी क्रम में अर्पिता दीदी ने सृष्टि चक्र के माध्यम से समझाया वर्तमान समय कलियुग का बिल्कुल अंतिम चरण चल रहा है। उन्होंने संगम युग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार भक्ति मार्ग में संगम स्नान का महत्व है उसी प्रकार ज्ञान मार्ग में यह वह समय है जब स्वयं परमात्मा का धरा पर अवतरण हो चुका है ताकि वे पुरानी दुनिया को बदलकर फिर से स्वर्णिम सतयुग की स्थापना कर सकें। प्रदर्शनी के माध्यम से श्रद्धालुओं को राजयोग द्वारा नशे जैसी बुराइयों को त्यागने का संकल्प भी दिलाया गया। इस सेवा के सफल आयोजन में ब्रह्माकुमारी ज्योति बहिन ब्पलक बहिन निशा बहिन और मुकेश भाई सहित अन्य बीके भाई बहनों ने सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर जन जन तक ईश्वरीय संदेश पहुँचाने में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहे हैं। विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने ब्रह्माकुमारीज़ के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के उत्थान के लिए एक सराहनीय कदम बताया। संस्थान की प्रतिनिधि बीके प्रीति दीदी ने प्रदर्शनी के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक करना और उन्हें नशे के दुष्प्रभावों से बचाना संस्थान का मुख्य उद्देश्य है । यह प्रदर्शनी बरमान मेला समिति और ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। जिसका उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिकता और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना है। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की चित्रकलाएं और प्रदर्शनियां लगाई गई हैं जो लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताती हैं और उन्हें नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करती हैं। मेला एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है जो मकर संक्रांति से बसंत पंचमी तक चलता है। इस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियां और कार्यक्रम से लोगों को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है।

# ग्राम पंचायत टेकरी में सरपंच की मनमानी से ग्रामीण परेशान





## चौतरफा गंदगी और अनियमितताओं से घिरा हुआ है ग्राम

**लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत टेकरी में त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का सफल संचालन नहीं हो पा रहा है। ग्राम सरपंच के मार्गदर्शन में ही ग्राम पंचायत स्तर पर जबरदस्त धांधली और मनमानी चल रही है। जिसकी वजह से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों को होने वाली अनेक तरह की समस्याएं ग्राम पंचायत में सुलझ नहीं पा रही हैं, जिसकी वजह से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की समस्या दूर नहीं की जा रही है। निरक्षरता, गंदगी बीमारी को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। सीमेंट कांक्रीट सडक़ों का निर्माण घटिया स्तर का किया जा रहा है। नाली नहीं बनाई जा रही है। ग्राम के वार्डों की नालियों की साफ.-सफाई, मरम्मत नहीं की जा रही है। अधूरे कामों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। नये-पुराने कामों को समय-सीमा में पूरा नहीं किया जा रहा है। पंचायत में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

#### दो वर्षों में वार्ड की समस्याओं से अनजान हैं सरपंच

ग्राम पंचायत टेकरी के ग्रामीणों ने बताया की ग्राम के वार्ड क्रमांक 3 और 4 में स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है की यहां शाम के समय खड़े रहना भी मुश्किल हो जाता है। कारण यह की सरपंच द्वारा इन दोनो वार्डों की नालियों की समय-समय पर सफाई न कराये जाने से नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी है और घरो से निकलने वाला निस्तार का गंदा पानी रोड पर आ जाता है जिसकी वजह से रहवासियों को स्वयं ही इसकी साफ-सफाई के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। वार्ड की महिलाओं का कहना है की दो वर्ष पूर्व नलजल योजना के तहत जल आपूर्ति की बात कही गई। ग्राम में पाईप लाईन का भी विस्तार हो गया परंतु आज तक घरों के बर्तनों में नलजल योजना का पानी नहीं पहुंच सका। हालात इतने बदतर हो चुके है की नालियों में बजबजाती गंदगी से शाम को मच्छरों की तादात इतनी ज्यादा बढ़ जाती है की घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। वार्ड के लोगों ने बताया की सरपंच प्रभुदयाल किरमे द्वारा पिछले दो वर्षों में यहां एक बार भी आकर लोगों को होने वाली समस्या को नहीं देखा गया है।

#### जलापूर्ति के नाम पर अवैध वसूली का खेल....

ग्राम पंचायत टेकरी के गोंसाई टोला के रहवासियों ने बताया की इस टोले के लोगों को पानी की समस्या को देखते हुए पूर्व विधायक सुश्री हिना कावरे के द्वारा यहां पर बोर की व्यवस्था की गई थी जिसमें पंचायत द्वारा मोटर लगाकर ग्रामीणों को पानी मुहैया कराया जा रहा है परंतु सरपंच द्वारा उसमें भी आपदा में अवसर खोजते हुए पंचायत के भृत्य की सहायता से प्रत्येक घर से 100 से 200 रूपये की पानी देने के नाम पर वसूली की जा रही है। जबकि उक्त कार्य के लिये आने वाले बिल की राशि पंचायत द्वारा भुगतान की जाती है और ग्रामीणों से वसूल की जाने वाली राशि को सरपंच द्वारा अपनी जेब में डाला जा रहा है। जिसकी अगर जांच कराई जाए तो पूरी सत्यता सामने आ जाएगी। ग्रामीणों ने बताया की जिस ग्रामीण द्वारा अगर जलापूर्ति के लिये राशि का भुगतान नहीं किया जाता तो उन ग्रामीणों को पानी उपलब्ध नहीं कराया जाता जिससे विवश होकर पानी के लिये भी ग्राम पंचायत को राशि का भुगतान करना पड़ रहा है।

#### नाली निर्माण में मजदूरों की जगह जेसीबी से खुदाई.....

ग्रामीणों ने बताया की पिछले तीन कार्यकाल से लगातार जीतने के कारण सरपंच इतने ज्यादा भ्रष्टाचारी हो गए है की उन्हें शासकीय नियमों की धज्जियां उड़ाने में जरा देर भी नहीं लगती। उनके द्वारा अपने घर के सामने ही पक्की नाली का निर्माण कराया जा रहा है परंतु यहां पर भी उनके द्वारा मजदूरों को काम न देते हुए जेसीबी से खुदाई कराई गई और मजदूरों के हक पर डाका डाला गया। ग्रामीणों ने कहा नाली निर्माण में भी जिस तरह के मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है वह काफी निम्न स्तर का है और इससे देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है की यह नाली कितने दिनों तक टिक पाएगी। ग्रामीणों का कहना है की सरपंच द्वारा लगातार ग्राम के विकास कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है विगत दिनों पंचायत के कम्प्यूटर को अपने घर में उपयोग करने का मामला हो या निर्माण कार्यों में लगने वाले लोहे को भी अपने निवास में रखने की बात हो सभी कार्यों में सरपंच की मनमानी से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

#### इनका कहना है....

ग्रामीणों द्वारा लगाये जा रहे सभी आरोप अनर्गल और बेबुनियाद हैं, हमारे द्वारा किसी भी वार्ड के लोगों के साथ भेदभाव नहीं किया जाता। सभी वार्डों के विकास कार्यों पर ध्यान दिया जाता है और नियमित रूप से नालियों की भी सफाई कराई जाती है। गोंसाई टोला के ग्रामीणों से भी जो राशि ली जा रही है वह उनके द्वारा स्वेच्छा से भृत्य को दी जाती है इसमें ग्राम पंचायत और मेरा कोई लेना देना नहीं है। नाली निर्माण में जेसीबी लगाने के लिये मेरे द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से चर्चा की गई थी। उक्त कार्य में मजदूरों को भी उनके कार्य के अनुरूप पूरा कार्य दिया जाएगा।

**प्रभुदयाल किरमे, सरपंच**
**ग्राम पंचायत टेकरी**

ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है। मनरेगा के तहत ग्राम के लोगों को रोजगार देने के बजाय निर्माण कार्यों में जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। सरपंच द्वारा पीने के पानी के लिये भी ग्रामीणों से वसूली की जा रही है जबकि नियमानुसार ग्रामीणों को मुफ्त में पानी मिलना चाहिए। ग्राम के वार्डों की नालियों की दशा किसी से छिपी नहीं है। जनपद के अधिकारियों को ग्राम का निरीक्षण कर यहां की हालत से रूबरू होना चाहिए ताकि सच्चाई शासन-प्रशासन के सामने आ सके और सरपंच की करतूत सभी जान सके।

**दौलतराम कोठारे, ग्रामवासी**
**ग्राम पंचायत टेकरी**